दोपहर का सामना हिंदी सामना

राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की कार्रवाई में 18 लाख रुपए का नकली विदेशी शराब जब्त

राज्य उत्पादन शुल्क विभाग के भरारी पथक क्र. 2 ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दमन निर्मित शराब से तैयार की गई नकली विदेशी शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह शराब महाराष्ट्र में अवैध रूप से बेचने के लिए नकली लेबल और ढक्कन लगाकर तैयार की गई थी। इसके अलावा, गोवा निर्मित और केवल गोवा में बिक्री के लिए वैध विदेशी शराब का भी बड़ा स्टॉक पकड़ा गया। इस पूरी कार्रवाई में कुल 18 लाख 81 हजार 480 रुपये मूल्य की शराब और वाहन जब्त किए गए।

राज्य उत्पादन शुल्क आयुक्त डॉ. विजय सुर्यवंशी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर नेवाळी नाका, अंबरनाथ कटाई रोड पर एक वॅगनार कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब पाई गई। वाहन को जब्त कर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

Source: https://www.hindisaamana.com/fake-foreign-liquor-worth-rs-18-lakh-seized-in-the-action-of-state-excise-department/